तापमान

अधिकतम 39.1 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 28 जून, 2025

12 पूर्व मंत्री बोले, विरोधियों को विकास से हो रही तकलीफ



12 दूसरों का जीवन बचाने के लिए करें रक्तदान



## खबर संक्षेप

### लिव इन में रहने वाली महिला का शव बरामद

**पानीपत।** पानीपत की गंगाराम कॉलोनी में एक महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई। खून से लपथपथ 35 वर्षीय महिला का शव कमरे में पड़ा मिला। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतका ऊषा गंगाराम कॉलोनीकी रहने वाली थी। उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी थी। पति के निधन के बाद वह एक युवक के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच आपसी विवाद चल रहा था। हत्या के बाद से आरोपी युवक मौके से फरार है। पड़ोसियों ने जब ऊषा के कमरे का दरवाजा खुला और खून फैला पाया, तो तुरंत पुलिस को फोन कर सूचना दी।

### आपसी मामले में किया हवाई फायर, केस दर्ज

**पिहोवा।** गांव भौर सैयदा में पुराने लेनदेन के मामले में एक पक्ष ने डेरा के बाहर हवाई फायर कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। डीएसपी पिहोवा निर्मल सिंह ने बताया कि 26 जून शाम को पुलिस को सूचना मिली कि गांव भौर सैयदा में सड़क पर हवाई फायर किया गया है। गुरमंतर सिंह ने बताया कि वह गांव भौर सैयदा में चीमा फार्म में रहता है। 26 जून की रात्रि को मोटर साईकिल पर तीन लड़के आए उसके डेरा पर आए और उसके डेरा के बाहर हवाई फायर करके भाग गए।

### स्कूटर बेचने के नाम पर ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना किला पुलिस ने स्कूटर बेचने के नाम पर भारत नगर बबैल रोड निवासी युवक से 72 हजार रूपए की ठगी करने के आरोपी को वीरवार शाम को वार्ड 11 चुंगी से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रानी मोहल्ला निवासी हर्षित के रूप में हुई है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर श्रीनिवास ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी हर्षित को आज न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही ठगी गई नगदी बरामद करने का प्रयास करेंगी।

### एसडीएम ने किया बाल आश्रम का निरीक्षण



**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती के नेतृत्व में शुक्रवार को किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत गठित जिला स्तरीय टीम द्वारा वात्सल्य किशोरी कुंज तथा राधा कृष्ण बाल आश्रम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। टीम ने दोनों आश्रमों में बच्चों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। टीम के सदस्यों ने बच्चों से बातचीत कर उनकी जरूरतों और समस्याओं को भी जाना।

### निजी भवन में संचालित हो रहा बराड़ा का कृषि कार्यालय

# हर साल बरसाती सीजन में पानी में डूब जाता है कृषि कार्यालय

### एसडीएम ऑफिस में कार्यालय शिफ्ट करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बराड़ा

- किसान बोले जलभराव की वजह से आती हैं दिक्कतें

कृषि कार्यालय अब भी एक निजी भवन में संचालित हो रहा है जबकि एसडीएम कार्यालय के नए परिसर में सभी सरकारी विभागों के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त कार्यालय कक्ष उपलब्ध हैं। इस मुद्दे को लेकर किसानों में गहरा रोष है।

हर वर्ष बारिश के मौसम में कृषि कार्यालय में जलभराव होता है। इससे विभागीय कार्य भी प्रभावित होते हैं। गौरतलब है कि एसडीएम कार्यालय का नया भवन 6 सितंबर 2018 को उद्घाटन के बाद कार्यरत हो चुका है। अधिकांश विभाग इस परिसर में पहले ही स्थानांतरित हो चुके हैं लेकिन खंड कृषि कार्यालय अभी तक पुराने निजी भवन में ही चल रहा है। किसान निर्मल सिंह, मायाराम, तेजेंद्र सिंह ने बताया कि बरसाती सीजन में कार्यालय परिसर पानी में डूब जाता है। इस कारण से किसान बीज वितरण, अनुदान, तकनीकी जानकारी और योजनाओं का लाभ लेने में असमर्थ हो जाते हैं। हर साल यही समस्या दोहराई जाती है लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस समाधान अब तक नहीं किया गया है। यहां तक कि कार्यालय में रखी विभाग की फ़ाइलें भी कई बार पानी में डूब चुकी हैं। बावजूद इसके कृषि विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा। किसान नेताओं का कहना है कि बरसात के मौसम को देखते हुए प्रशासन को तत्काल निर्णय लेकर कृषि कार्यालय को नए भवन में स्थानांतरित करना चाहिए। इससे न केवल किसानों को राहत मिलेगी। सूत्रों की मानें तो एसडीएम कार्यालय के नए भवन में खंड कृषि कार्यालय के लिए दो कमरे पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। लगभग एक वर्ष पूर्व वहां कमरों की सफाई आदि कर कार्यालय स्थानांतरण की तैयारियां भी कर ली गई थीं लेकिन इसके बावजूद कार्यालय को अब तक शिफ्ट नहीं किया। अधिकारियों का कहना है कि अगर कार्यालय को एसडीएम परिसर में स्थानांतरित किया जाए तो न केवल किसानों को बेहतर सुविधा मिल पाएगी, बल्कि विभागीय कामकाज भी अधिक सुचारु रूप से चलेगा।



**बराड़ा।** कृषि कार्यालय के सामने खड़ा वर्षा का पानी।

#### नए भवन में स्थानांतरित करवाएंगे

सरकारी विभागों को एक ही छत के नीचे लाने के उद्देश्य से ही इस भवन का निर्माण किया गया है ताकि लोगों को अपने दैनिक कार्यों के लिए इधर उधर न भटकना पड़े। अगर खंड कृषि कार्यालय अभी भी किसी निजी भवन में चल रहा है, तो वह अधिकारियों से बात कर इसे भी नए भवन में स्थानांतरित करवाएंगे।
- **शाश्वत सांगवान**, एसडीएम, बराड़ा।

#### विवाद जल्द हो जाएगा खत्म

कृषि कार्यालय किराए के भवन में चल रहा है। इस को शिफ़्ट करने के लिए एसडीएम कार्यालय के नए भवन में दो कमरे एलाट भी करवा लिए थे, लेकिन इस निजी भवन का किराये का इश्यू है। अब किराया के लिए सभी दस्तावेज़ पूरे कर विभाग को भेज दिए हैं। उम्मीद है कि अगले दो-तीन महीनों में विवाद खत्म हो जाएगा।
- **रविकांत**, बीएओ, बराड़ा।

### महिला का पर्स छीनकर भागा युवक काबू

# लोगों ने झपटमार का मुंह काला कर घुमाया

- पुलिस के हवाले करने के बाद नहीं दी शिकायत, पुलिस आरोपी से कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबाला

लोगों ने एक झपटमार का मुंह काला कर उसे पूरे बाजार में घुमाया। इसके बाद युवक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी ने भी कोई शिकायत नहीं दी है। अंबाला शहर के जंडली इलाके के माता रानी चौक के पास एक बुजुर्ग महिला का पर्स झपटने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने काबू कर लिया। जिसके बाद युवक को पूरे बाजार में मुंह काला कर घुमाया।

बता दें कि एक महिला कल दोपहर अपने निजी काम से कहीं जा रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार झपटमार आया और महिला का पर्स खींच कर ले गया। जिसपर महिला ने भी काफी दूर तक उसका पीछा किया लेकिन, तब तक युवक उसकी पहुंच से बाहर चला गया। युवक कल पर्स छीनते समय वह एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। महिला ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया तो उन्होंने सीसीटीवी देखा। सीसीटीवी में युवक को पहचान लिया गया। जिसके बाद उसे शुक्रवार दोपहर में भी युवक जंडली के पास देखा गया। आसपास के युवकों द्वारा युवक को पकड़ लिया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, कल एक झपटमारी की घटना हुई थी। उसमें शामिल युवक को आज क्षेत्रीय लोगों ने पकड़ लिया। साथ ही युवक का मुंह काला कर उसे आसपास के इलाके में घुमाया गया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई। इसपर मौके पर पुलिस टीम पहुंची और आरोपी को सेक्टर 9 के थाने ले आई। हालांकि अभी तक इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।



**अंबाला।** पकड़े गए युवक की मुंह पर पोती गई कालिख।

# जेसीबी चोरी करने के दो आरोपी किए गिरफ्तार, जेसीबी बरामद

- दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

ब्राहमणवास गांव में घर के बाहर खड़ी जेसीबी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने वारदात के महज 12 घंटे के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान जीन्द जिला के रोहड़ गांव निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी व पाजू खुर्द गांव निवासी सोनू उर्फ लट्टू के रूप में हुई है। आरोपियों को जीन्द जिले के रोहड़ गांव के पास से गिरफ्तार किया है।

आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर रोबिन ने बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर जेसीबी चोरी करने बारे स्वीकारा है। वारदात में शामिल फरार उनका साथी आरोपी जेसीबी पर ड्राइवर तैनात है। साथी आरोपी ने उन दोनों से साथ मिलकर शार्टकट तरीके से पैसे कमाने की साजिश रची और तीनों ने जेसीबी चोरी की उक्त वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने ब्राहमणवास गांव जेसीबी चोरी कर रोहड गांव में प्लाट में छुपाकर खड़ी कर दी थी। पुलिस ने उनके कब्जे से जेसीबी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



**पानीपत।** बरामद जेसीबी व चोरी के आरोपियों के साथ पुलिस टीम।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान

**कुरुक्षेत्र।** थाना सदर के अंतर्गत गांव बिहोली में शुक्रवार को एक विवाहित महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। महिला के मायके वालों का आरोप है कि उनकी बेटी को परेशान किया जा रहा था। जिसके चलते उनकी बेटी ने आत्महत्या की है। मृतक महिला के पिता ब्रह्मचंद की शिकायत पर जेठ जेठानी, चाचा ससुर, बहनोई व ननद सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

करनाल के गांव भैणी कलां के ब्रह्मचंद ने थाना सदर में शिकायत दी है कि उसने अपनी बेटी निशा की शादी गांव बिहोली के बीरु के साथ की थी। उसकी बेटी निशा व दामाद बीरू का जमीन को लेकर पारिवारिक विवाद था। उस पर समझौते के तहत दीवार बना दी थी, लेकिन आरोपियों ने उस दीवार को गिरा दिया। जब उसकी बेटी निशा और दामाद बीरु ने इसका विरोध किया तो दोनों पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस घटना से परेशान उसकी बेटी निशा ने घर में फांसी लेकर जान दे दी।

# प्रसुति विभाग में नहीं पर्याप्त चिकित्सक जांच के दौरान मरीजों ने उठाई समस्या

- पूर्व विधायक ने नागरिक अस्पताल में व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- चिकित्सा अधिकारी को सभी व्यवस्थाएं करवाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणगढ़

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के डॉक्टरों और रोगियों से बातचीत की। रोगियों और उनके तीमारदारों ने पूर्व विधायक के समक्ष प्रसुति विभाग (गाइनी विभाग) में डॉक्टरों की उपलब्धता संबंधी समस्या उठाई।

उन्होंने आग्रह किया कि डॉक्टरों की प्रसुति विभाग में रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई जाए ताकि जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। सैनी ने एसएमओ डॉ. प्रवीण कुमार से चर्चा की और कहा कि अस्पताल में उपलब्ध डॉक्टरों और स्टाफ की रोटेशन वाइज ड्यूटी सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों को बेहतर और समय पर सेवाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ई-उपचार योजना भी लागू की गई है। प्रदेश में निरोगी हरियाणा योजना चलाई जा रही है।

प्रदेश में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं में गंभीर एनीमिया के इलाज के लिए निशुल्क इंजेक्शन आयरन सुक्रोज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा आयुष्मान भारत तथा चिरायु योजना के माध्यम से भी प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत और लाभ मिला है। नागरिक अस्पताल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 50 से 100 बेड का विस्तार किया गया है जिसका भवन लगभग तैयार हो चुका है।



**नारायणगढ़।** स्टाफ से बातचीत करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी।

## कुवि ने घोषित किए 21 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 21 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2024 में आयोजित एम.एस.सी. (गणित) तीसरा सेमेस्टर (सीबीसीएस) (फ्रेश/री-अपीयर), बी.एस.सी. मेजर फोरेंसिक के साथ तीसरा सेमेस्टर, एम.एस.सी. बायो-टेक पहला सेमेस्टर, बी.एस.सी. (प्रिंटिंग और पैकेजिंग तकनीक) एनईपी पहला सेमेस्टर तथा बी.एस.सी. (मल्टीमीडिया) तीसरा सेमेस्टर एनईपी (फ्रेश/री-अपीयर), बीपीएड तृतीय सेमेस्टर (आईयूएमएस) (फ्रेश/री-अपीयर), एम.ए. (ललित कला) प्रथम सेमेस्टर आईयूएमएस (फ्रेश/री-अपीयर) तथा एमएफए तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर) आईयूएमएस (फ्रेश/री-अपीयर) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किया है। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मार्च 2025 में आयोजित एमसीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमबीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एमएएमसी प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.ए. (राजनीति विज्ञान) प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.ए. (अंग्रेजी) प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मैकेनिकल लर्निंग ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी ऑनलाइन (डीडीई), डिप्लोमा डेटा एनालिसिस ऑनलाइन (डीडीई), बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), बीबीए प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई), बी.ए. प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई) तथा अप्रैल 2025 में आयोजित डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स पहला सेमेस्टर ऑनलाइन (डीडीई) परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

# कनाडा भेजने के नाम पर युवक से हड़पे दो लाख

- दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

गांव हडौली निवासी रूपेंद्र सिंह से उसके लड़के को कनाड़ा भेजने के नाम पर दो लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप सफायर ग्रुप मोहाली पंजाब निवासी अजय ठाकुर और नेहा पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव हड़ौली निवासी रूपेंद्र सिंह ने छछरौली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि मोहाली स्थित सफायर ग्रुप लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। वह और उसका लड़का जब सफायर गुरप कार्यालय में पहुंचे तो उसे वहां पर अजय ठाकुर और नेहा से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजकर उन्हें वहां पर रोजगार दिलवाने का काम करते हैं। वह उसके लड़के को वर्क परमिट पर कनाड़ा भेज देंगे। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसके लड़के से दो लाख रुपये व दस्तावेज ले लिए। बाकि पैसे कनाड़ा जाने के बाद देने तय हुए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया।

#### पैसे वापस देने से किया मना

काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### उत्तरप्रदेश के किसान के धान को देखने उमड़े स्थानीय आढ़ती

# समय से पहले रादौर मंडी में बिकने आया धान

- अनाजमंडी में आढ़तियों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रादौर

जिले में किसान जहां धान की रोपाई करने में व्यस्त हैं, वहीं, यूपी का एक किसान शुक्रवार को अपनी धान की फसल को बेचने के लिए रादौर अनाज मंडी में पहुंच गया। अनाज मंडी में धान की फसल बिकने के लिए पहुंचने पर आढ़तियों ने लड्डू बांटकर खुशी जताई।

आढ़ती सुशील कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अनाज मंडी रादौर में यूपी के नाकुड कस्बे से किसान अनाज मंडी में 1509 किस्म की धान की फसल को बेचने के लिए पहुंच गया। अनाज मंडी धान की फसल 2800 रूपये प्रति क्विंटल से बिकी। उन्होंने बताया कि आमतौर पर जून के अंत व जुलाई के पहले सप्ताह तक उत्तरप्रदेश से धान की फसल की आवक हर वर्ष आनी शुरू हो जाती है। आढ़ती ने बताया कि उत्तरप्रदेश में धान की अगेती फसल लगाने पर कोई रोक नहीं है। वहीं उत्तरप्रदेश में नुकुड, गंगोह व आसपास के क्षेत्र में बरसात के दिनों में यमुनानदी में बाढ़ आ जाती है। जिस कारण क्षेत्र के किसान गेहूं की कटाई कर अप्रैल के महीने में धान की रौपाई कर देते है। यह फसल जून के अंत या जुलाई के पहले सप्ताह तक मंडी में आ जाती है। नुकुड, गंगोह क्षेत्र के किसान धान की एक फसल कटने के बाद दूसरी फसल की रौपाई कर देते हैं। जो वर्ष में 2 बार धान की फसल तैयार करते है। रादौर अनाजमंडी में यूपी से लगभग 150 से अधिक किसान दशकों से अपनी धान व गेहूं की फसल बेचने पहुंचते है। जिन्हें मंडी में फसलों के अच्छे दाम मिलते हैं।



**यमुनानगर।** रादौर अनाजमंडी में बिकने को पहुंची धान की फसल देखते हुए आढ़ती और स्थानीय किसान।

# घर में घुसकर बालिका से दुष्कर्म का प्रयास

- परिजनों को आता देखकर मौके से फरार हुआ आरोपी
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जठलाना थाना क्षेत्र में एक युवक ने दोपहर को घर में घुसकर सात वर्षीय बच्ची के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। परिजनों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ 18 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार जठलाना थाना क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वीरवार दोपहर को वह किसी काम के लिए घर से बाहर गई थी। घर पर उसकी सात साल की बेटी अकेली ही थी।

जब वह वापस घर लौटी तो देखा कि उनके पड़ोस में रहने वाला इरफान उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास कर रहा है। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 18 व छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़

**यमुनानगर।** बूड़िया थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सलमान नामक युवक उसकी 15 वर्षीय लड़की को पिछले काफी दिन से परेशान कर रहा था। जब भी उसकी लड़की घर से बाहर जाती तो आरोपी युवक उसकी लड़की का पीछा करना शुरू कर देता था। उसकी लड़की ने कर्इ बार आरोपी की इन हरकतों को नजर अंदाज किया लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। व्यक्ति ने बताया कि 24 जून को शाम छह बजे उसकी लड़की किसी काम से जा रही थी। आरोपी ने रास्ते में उसकी लड़की को रोककर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसकी लड़की ने विरोध जताया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसकी लड़की ने घर आकर घटना के बारे में बताया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ 12 पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### बिजली के रेट बढ़ाने के विरोध में इनेलो का प्रदर्शन एक को

**करनाल।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी के पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव सुरजीत संधू गगसीना ने बताया की पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा जी की अगवानी में इनेलो पार्टी 1 जुलाई को चंडीगढ़ के शक्ति भवन के सामने बिजली रेट बढ़ाने के विरोध में जबरदस्त प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिजली के बिल 3 गुना बढ़ाकर आम जन की कमर तोडने का काम किया है। इनेलो पार्टी जनता पर थोपे बिलों को बिल्कुल बर्दास्त नहीं करेगी। बढ़े बिलों से जनता परेशान है प्रदर्शन में हजारों साथी शामिल होंगे और अपना विरोध दर्ज करेंगे।

### रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया

**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को रेडक्रॉस कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चो को रक्त की कमी ना हो इसके लिए जिला रेडक्रॉस द्वारा निरंतर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि रक्त की कमी के कारण किसी की जान ना जाए। इस मुहिम मे जिला की सभी सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रेडक्रॉस को निरंतर मिलता रहता हैं।

### फोटोग्राफर से साइबर ठगों ने 39 हजार हड़पे

**करनाल।** साइबर ठगों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ताजा मामला करनाल का है, जहां एक फोटोग्राफर को बीएसएफ जवान बनकर रिटायरमेंट पार्टी के नाम पर झांसा देकर 39 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित फोटोग्राफर संजय सचदेवा ने साइबर थाना करनाल में शिकायत दी है। घटना के बाद फोटोग्राफर समुदाय में रोष है और उन्होंने ठग को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। बताया कि 26 जून की सुबह उनके पास एक अनजान कॉल आई। कॉलर ने खुद को बीएसएफ का जवान सतीश बताते हुए कहा कि 27 जून को पुलिस लाइन में उनकी रिटायरमेंट पार्टी है।

## भगवान नाम का जाप करने से ही मनुष्य भवसागर से हो सकता है पार

# कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण ही एकमात्र सहारा : कनिष्का भारती

श्रीराम और माता सीता का विवाह केवल दो आत्माओं का नहीं, धर्म और मर्यादा के मिलन का प्रतीक है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। कथा वाचिका कनिष्का भारती श्री राम विवाह का वर्णन करते हुए, उपस्थित श्रद्धालू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए।

श्री सनातन धर्म मंदिर कुंजपुरा रोड में पांच दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को कथा वाचिका कनिष्का भारती ने श्री राम विवाह का वर्णन किया। रामजी की बारात में श्रद्धालु जमकर झूमे। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक जय श्री राम के जयकारे लगाते रहे। कहा भी गया है कि कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा। इस चौपाई का अर्थ है कि कलयुग में भगवान के नाम का स्मरण ही एकमात्र सहारा है, और नाम का जाप करने से ही मनुष्य भवसागर से पार हो सकता है। कनिष्का भारती ने स्वयंवर का जीवंत चित्रण करते हुए बताया कि कैसे भगवान श्रीराम ने धनुष को उठाकर भंग किया और कैसे माता सीता ने जयमाला पहनाकर उन्हें अपना वर स्वीकार किया। कथा स्थल पर उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालु इस दिव्य प्रसंग को सुनकर भाव-विभोर हो उठे। कथावाचिका ने विवाह की आध्यात्मिक महत्ता को समझाते हुए कहा, यह विवाह केवल दो आत्माओं का नहीं, धर्म और मर्यादा के मिलन का प्रतीक है। श्रीराम और सीता का जीवन आज भी वैवाहिक आदर्श का मार्गदर्शन करता है। वही कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर ने कथा के आयोजकों ललित शर्मा और दिनेश शर्मा को बधाई दी और यह धार्मिक करने पर सराहना भी की। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को श्री राम कथा श्रवण करनी चाहिए। कथा आयोजक ललित शर्मा ने बताया कि 29 जून तक श्री राम कथा का आयोजन सायं चार से सात बजे तक किया जाएगा। इस अवसर पर कथा आयोजक ललित शर्मा, भाजपा जिला प्रधान प्रवीण लाठर, पूर्व तहसीलदार राज बख्श, राजेश चौधरी, योगेश कामरा, अमित गुप्ता, माणिक शर्मा, दिनेश शर्मा, सोनिया पंडित, दिलप्रीत शैंकी, पवन प्रजापति, अरविंद मान, भाजपा युवा जिला अध्यक्ष शुभम गुप्ता, सलोनी अग्रवाल व पंकिल गोयल आदि मौजूद रहे।



करनाल। मां भगवती की ज्योत प्रज्वलित करते हुए बाबा वैद्य देवेन्द्र बतरा।

### मां भगवती की विशाल चौकी धूमधाम से सम्पन्न

**करनाल।** बाबा रामदास जी गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 119वां विशाल भण्डारे के अंतर्गत बाबाजी जी के गद्दीनशीन विश्वविख्यात वैद्य देवेन्द्र बतरा, दर्शना बतरा की अध्यक्षता में डॉ. गौरव बतरा, डा. मानव बतरा के नेतृत्व में माँ भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। माँ भगवती की पावन ज्योत वैद्य देवेन्द्र बतरा, दर्शना बतरा, रामलाल ग्रोवर, नीरज ग्रोवर, श्वेता ग्रोवर, हिमांगी ने प्रज्जवलित की। महामाई का गुणगान अशोक जागरण पार्टी के मशहूर कलाकारों ने किया। सर्वप्रथम गणेश वन्दना की गई। कलाकारों ने सुन्दर-सुन्दर भेंटे गाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। साजन आर्ट ग्रुप ने बहुत ही आकर्षक झांकी निकाली जिनमें भगवान अर्धनारीश्वर, मातारानी के स्वरूप प्रस्तुत किये गये। नमो-नमो दातिए नमोः नमोः, गोरा तेरे लाड़ले का गणेश मनाया। इससे पूर्व प्रात 9 से 11 बजे बाबा जी का समाधिभिषेक किया गया। पूजा अर्चना पं. चेतन देव शर्मा, पं. शेखर शर्मा, पं. सचिदानन्द तिवारी ने पूजा अर्चना करवाई। मुख्य अतिथि रचना संजीव नारंग तरावड़ी ने शिरकत की। सामुहिक रूप से माँ भगवती की चौकी में सबने आरती की। माँ के स्वरूप के दर्शन करके आशीर्वाद लिया। माता रानी का आशीर्वाद पाने वालों में भण्डारा कमेटी प्रधान भारत भूषण, मिडिया प्रभारी सुभाष गुरेजा, मिनाक्षी क्षेत्रपाल, वरूण क्षेत्रपाल, शाम चावला, रामकुमार, दीपक आहुजा, तरूण राखा आदि रहे।

## वन विभाग ने एक लाख 35 हजार पौधे किए तैयार



इंद्री। वन विभाग द्वारा नर्सरी में तैयार किए गए पौधे । फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एक पेड़ मां के नाम व जल शक्ति अभियान मुहिम के तहत वन विभाग इंद्री द्वारा नर्सरी में इस वर्ष एक लाख 35 हजार फलदार व छायादार पौधे तैयार किए गए हैं। एस्केप नर्सरी इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि नर्सरी में तैयार किए गए पौधे आमजन को निशुल्क वितरित किए जाऐंगे। उन्होंने बताया कि एस्केप नर्सरी में जामुन, पीपल, बड़, कटहल, चांदनी, गुलाब, कनेर, नीम, शीशम, तून, अंजून, बेलपत्र, गुल्लर, आंवला, कचनार, इमली आदि की 58 प्रजातियों के पेड़-पौधे तैयार किए गए हैं। उन्होने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने में पेड़-पौधों का अहम योगदान होता है और वन विभाग लोगों को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए प्रेरित करता रहता है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा भी पेड़-पौधे लगाने के कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। नर्सरी इंचार्ज ने बताया कि पर्यावरण दूषित होने के कारण आज हमारे सामने अनेक प्रकार की विकट परिस्थिति पैदा हो रही है। पेड़-पौधे ही हमारे स्वास्थ्य का आधार हैं। जो ऑक्सीजन हमें जीने के लिए चाहिए वह हमें पेड़-पौधों से ही मिलती हैं। उन्होंने कहा कि प्रकृति को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने की जिम्मेवारी हम सभी की बनती है, यदि हमारी प्रकृति स्वच्छ एवं हरी-भरी होगी तो हमारा पर्यावरण भी दूषित नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने होंगे। ऐसा करने से न केवल हमें स्वास्थ्य लाभ होगा बल्कि हम अपनी आने वाली पीढ़ियों को साफ एवं स्वच्छ पर्यावरण देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि हम अभी से यह संकल्प कर लें कि हमें पेड़-पौधे लगाकर प्रकृति को स्वच्छ एवं साफ रखना है तो यह संकल्प हमारे लिए आने वाले समय में एक वरदान साबित होगा।

## शिविर लगाकर करवाया जा रहा नशे दुष्प्रभावों से अवगत : डा. नीना

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। डा. कांता रानी व पैरा लिगल वालंटियर डा. नीना बच्चों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ इरम हसन के मार्गदर्शन तथा सिविल अस्पताल की टीम के सौजन्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर डा. कांता रानी व सिविल अस्पताल की काउंसलर,ममता ने बच्चों व स्टाफ को नशे के शारीरिक व मानसिक नुकसान के बारे में जानकारी दी और जीवन मे नशा न करने के लिए प्रेरित किया। डां. कांता रानी ने बताया कि कोई भी व्यक्ति नशे से ग्रस्त हो तो इलाज के लिए सिविल अस्पताल के कमरा नं0 18 व एच आई वी की जांच हेतु सिविल अस्पताल जनरल प्रयोगशाला में कमरा नं. 3 में संपर्क कर सकता है। उन्होने एच आई वी/एसटीआई बारे जानकारी देते हुए बीमारी के लक्षण व बचाव के उपाय भी बताए। इस दौरान 76 बच्चों का एच आई वी टेस्ट किया जिसमें सभी बच्चों की रिपोर्ट नेगेटिव रही। इसी कड़ी मे पैरा लिगल वालंटियर डा. नीना,ने डिप्टी सी.एम.आ डा. सिमी कपूर से बातचीत की उन्होने बताया कि नशा पीड़ितो और एच आई वी/एसटीआई के मरीजों की काउंसलिग जांच व ईलाज सिविल अस्पताल मे बिल्कुल मुफ्त किया जाता है। इसके अलावा इनकी रिपोर्ट पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाती है।

### आंगनवाड़ी ने गंभीर तीव्र कुपोषण बच्चों का करवाया चैकअप

**तरावड़ी।** सीएचसी पर सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर के दिशानिर्देश में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नेहा के नेतृत्व में तरावड़ी सी एच सी के डॉ मोमिन, डॉ शिवानी की टीम के द्वारा शामगढ़, तखाना, जटपुरा, कुडक़ गांव की अति गंभीर तीव्र कुपोषण बच्चे का चैकअप करवाया गया। इस अवसर पर डॉ मोमिन व डॉ शिवानी ने कहा कि प्रत्येक बच्चे का स्वास्थ का ख्याल रखना हमारी व प्रत्येक डॉ की जिम्मेदारी है।इसके लिए हम समय समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन करते रहते है।भविष्य में भी ऐसे कैंपों का आयोजन करते रहेंगे।ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।बच्चों की हाइट व विभिन्न प्रकार के शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में बच्चों को चयनित करते हुए चैकअप करवाया गया। गंभीर तीव्र कुपोषण बच्चों का चैकअप करने वाले बच्चों की संख्या 37 रही।

## श्रद्धानंद बाल संरक्षण केंद्र में लगा नशा विरोधी जागरूकता कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। नशा विरोधी जागरूकता कैंप में बच्चों को नशे से होने वाले नुक्सान की जानकारी देते हुए बाल सरंक्षण के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को श्रद्धानंद बाल कल्याण केंद्र में नशा विरोधी जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों, किशोरों और बाल कल्याण केंद्र के स्टाफ को नशे के दुष्परिणामों तथा अवैध नशीली वस्तुओं की तस्करी के प्रति जागरूक किया गया। यह जानकारी जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को नशे से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही इससे बचने के उपाय और कानूनी प्रावधानों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रदर्शनी, जागरूकता भाषण और संवाद सत्र आयोजित किए गए। इस मौके पर सभी को स्वयं और दूसरों को नशे से दूर रखने का प्रयास करने की शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के सहयोग से सभी बच्चों का एचआईवी तथा सिफीलिस टेस्ट करने के लिए स्वास्थ्य कैंप का भी आयोजन किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने कहा कि नशा हमारे समाज को अंदर से खोखला कर रहा है और बच्चों को इससे सुरक्षित रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने अपील की कि यदि किसी बच्चे या किशोर के आसपास नशे या तस्करी से जुड़ी कोई गतिविधि दिखे तो तुरंत प्रशासन या बाल संरक्षण इकाई को सूचना दें, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके।

## हड़ताल को लेकर आशा वर्कर्स की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

आशा वर्कर युनियन के नीलोखेडी ब्लाक मिटिगं 9 जुलाई 2025 की हडताल की तैयारी को लेकर ब्लाक प्रधान सीमा की अध्यक्षता मे गोल मार्किट पार्क नीलोखेडी मे मिटिंग हुई। मिटिंग का संचालन सलोचना ने किया। ब्लाक प्रधान सीमा, सीटू जिला कैशियर ओ पी माटा, सलोचना, मोनिका ने बताया कि आशा वर्कर्स एंड फैसिलिटेटर फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के आह्वान पर 9 जुलाई 2025 को हड़ताल होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर्स के काम को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। परंतु केंद्र और राज्य सरकार आशा वर्कर के कार्यों की प्रोत्साहन राशि नहीं बढ़ाती है । केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्ष से आशा की प्रोत्साहन राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। आशाओं के काम केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बढ़ा रही है। आशा वर्कर से फील्ड में स्वास्थ्य से संबंधित सारे कार्यों को करते हुए उनका रखरखाव रखने का दबाव बनाया जाता है। आशा वर्कर्स को बिना कोई प्रोत्साहन राशि दिए डिजिटल कार्य भी करवा रही है। जिस देश की तमाम 10 लाख आशा वर्कर्स बहुत परेशान है। जब आशा वर्कर्स अपनी मांगों को लेकर राज्य सरकार के पास जाती है तो राज्य सरकार केंद्र की स्कीम कहकर आशाओं के मानदेय में बढ़ौतरी करने में असमर्थ दिखाई देती है।

## पैंतीस साल बाद जैन साध्वी डा. सारिता पहुंची करनाल, महाबीर ट्रांसपोर्ट पर भव्य स्वागत

- महाबीर ट्रांसपोर्ट पर किया रमन जैन ने स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। जैन साध्वी डा. सारिता के करनाल पहुंचने पर स्वागत करते हुए महाबीर ट्रांसपोर्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

जैन साध्वी पैंतीस साल के लंबे अंतराल के बाद करनाल पहुंचीं। यहां पर वह चार महीने तक रहेंगी। वह अपनी शिष्याओं के साथ यहां पहुंची। वह करनाल में मधुबन होते हुए महाबीर ट्रांसपोर्ट के कार्यालय पहुंची। यहां पर उन्होंने मंगल गायन किया। जहां उनका मंगल स्वागत समाजसेवी रमन जैन नीतू जैन सहित अन्य लोगों ने किया। यहां पर जैन साध्वी ने कहा कि वह जैन आचार्य शिब मुनि के संघ में हैं। इस संघ में लगभग 1300 जैन साध्वी और साध्वियां हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने कहा कि वह करनाल प्रवास के दौरान युवाओं को जैन धर्म के नजदीक लाएंगी। उन्होंने कहा कि जैन धर्म तार्किक और वैज्ञानिक हैं। इसकी प्रमाणिकता काविड के दौरान साबित हो गई थीं। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की तरफ युवा भी आकर्शित हो रहे हैं। जैन महासाध्वी डा.. सरिता के साथ डा. शुभा जी महाराज, महा साध्वी ऊषा जी महाराज थीं। जैन साध्वी पैंतीस साल के लंबे अंतराल के बाद करनाल पहुंचीं। यहां पर वह चार महीने तक रहेंगी। वह अपनी शिष्याओं के साथ यहां पहुंचीइस अवसर पर समाजसेवी रमन जैन नीतू जैन, परमीत जैन, सतीश जैन, सुभाष जैन, संयम ज्न, विक्की जैन, संजय जैन, ललित जैन, सौरभ जैन, प्रेम जैन,सचिन जैन, कल्ली जैन, कर्मबीर चौहान, गौरव जैन,मनोज जैन, मुदित जैन, हरीश जैन, राजेंद्र कैम, सुशील जैन ने जैन साध्वियों का आशीर्वाद लिया।




### सरकार की योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे: प्रवीण लाठर

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'संकल्प से सिद्धि तक' अभियान के तहत करनाल में इंद्री और नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों, संयोजकों व वक्ताओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।
बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्यकर्ता योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करें। बैठक में जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल ने कहा कि मोदी सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण और आयुष्मान योजना जैसे कार्य इसके उदाहरण हैं।
इस अवसर पर जिला संयोजक अशोक सुखीजा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नहर में नग्न हालत में मिला युवक का शव

**करनाल।** करनाल के काछवा पुल के पास शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब राहगीरों ने नहर में एक युवक का नग्न हालत में बहता शव देखा। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और सरकारी गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। शव इस हद तक सड़ चुका था कि उसे देखना भी मुश्किल हो रहा था। शव से तेज दुर्गंध आ रही थी और प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया गया कि यह शव लगभग 10 से 15 दिन पुराना है। युवक की उम्र करीब 30 से 35 साल के बीच आंकी जा रही है। शव पर कपड़े नहीं थे और न ही कोई पहचान पत्र, मोबाइल या कोई अन्य सामान मिला जिससे मृतक की पहचान हो सके। इससे पुलिस के लिए शव की पहचान कर पाना और भी मुश्किल हो गया है।

## गेहूं गोदाम में गड़बड़ी की शिकायत पर खाद्य मंत्री का औचक निरीक्षण

- कट्टों में कम गेहूं, अधूरी सिलाई और खुले में पड़ा अनाज देख नाराज हुए मंत्री राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के कुंजपुरा स्थित डीएफएससी गेहूं गोदाम में लंबे समय से गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही थीं। शुक्रवार को हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने बिना किसी पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कट्टों की अधूरी सिलाई, खुले में पड़ा और बारिश से भीगा हुआ गेहूं मिला, जिस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर की। शिकायतकर्ता विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायत देकर बताया था कि गोदाम में अनाज की भारी गड़बड़ी हो रही है। उन्होंने दावा किया कि कट्टों का वजन कम है, सिलाई अधूरी है और कई कट्टे स्टॉक में दिखाए गए हैं जो असल में मौजूद नहीं हैं। यदि सही तरीके से जांच की जाए तो करीब 4400 कट्टों की कमी उजागर हो सकती है। राजेश नागर ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि हर एक कट्टे की जांच करवाई जाए और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होनी चाहिए।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विवि में मनाया स्मृति दिवस

# ममता और वात्सल्य की चेतन मूर्ती थी जगदंबा

- सुरिंद्र मोहन गाबा ने मम्मा की याद में तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है तथा वंदे मातरम गीत गाकर किया सबको भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। सेक्टर-7 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात में जगदंबा सरस्वती प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारीज का स्मृति दिवस मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेक्टर सात सेवा केंद्र में जगदंबा सरस्वती प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारीज का स्मृति दिवस मनाया गया। नेशनल कोर्डिनेटर आर्ट एंड कल्चर विंग बी.के. प्रेम दीदी ने कहा कि जगदंबा सरस्वती जोकि एक कन्या थी, जिनका जन्म अमृतसर में हुआ व लालन पालन पढ़ाई सिंध हैदराबाद पाकिस्तान में हुई। वह 1937 में ब्रह्माकुमारी संस्था के संपर्क में आई। उन दिनों ब्रह्मा बाबा ऊँ की ध्वनि किया करते थे। जगदंबा मां को ओम ध्वनि बहुत अच्छी लगती थी। इस ध्वनि के माध्यम से उन्हें परमात्मा की ओर आकर्षण होता था। जगदंबा मां जबकि कन्या कुमारी थी फिर भी उनके गुणों को देखकर बड़े छोटे सब उन्हें मम्मा कहने लगे। वे ममता, वात्सल्य, करूणा, दया, सहनशीलता की चेतन मूर्ती थी। वे सभी ब्रह्मा वत्सों के लिए आदर्श बनी। उस समय संस्था में जितनी भी कुमारियां थी उन सबमें अपने गुणों के आधार से वह नंबर वन बनी। उनकी बुद्धि बचपन से ही कुशाग्र थी। वो एक बार जो सुन लेती थी उसी समय उसे कर्म में शामिल कर लेती थी। 24 जून 1965 को उन्होंने अपना नश्वर देह त्याग कर संपूर्णता को प्राप्त किया था। इस मौके पर ब्रह्माकुमारी शिखा बहन ने कहा कि मम्मा स्नेह, वात्सल्य, करूणा की मूर्ती गुणों की खान थी। इस मौके पर उपस्थित जनसमूह ने जगदंबा मां सरस्वती को मौन श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की तथा परमात्मा शिव के साथ जगदंबा मां को भी भोग स्वीकार कराया गया। सुरिंद्र मोहन गाबा ने मम्मा की याद में तू कितनी अच्छी है तू कितनी भोली है तथा वंदे मातरम गीत गाकर सबको भाव विभोर कर दिया। सुशील शर्मा, अनीता शर्मा, सुषमा शर्मा ने अपने माऊंट आबू प्रवास के सुंदर सुंदर अनुभव सुनाए। बीके आरती ने जगदंबा मां पर सुंदर स्वरचित कविता सुनाई। इस अवसर पर बीके रीटा, बीके शिविका, रजनी कौशल, रीतू चौहान, छवि चौधरी, सुनीता मदान, कृष्णा कुमारी, सुदेश गुप्ता, सोनिया, रूपवती, उर्मिल राणा, पूनम, बिमला, राकेश आदि रहे।

**खबर संक्षेप**



पानीपत। अतर सिंह प्रजापति का मुंह मिठा कराते जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट।

## अतर सिंह प्रजापति बने जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य

पानीपत। भाजपा काबड़ी मंडल के अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापति को जिला कष्ट निवारण समिति का सदस्य बनाया गया है। वहीं अपनी नियुक्ति पर अतर सिंह प्रजापति ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा व भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जिस मकसद से पार्टी ने उनको यह जिम्मवारी सौंपी है वह उसे पूरा करेंगे। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में वह जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करायेंगे।

### जगह-जगह पर श्री जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य स्वागत

# भगवान जगन्नाथ के जयकारों से गूंजा पानीपत

रथ यात्रा के शुभारंभ पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने सभी अतिथियों, सहयोगियों व आयोजकों को आशीर्वाद दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत





पानीत। भगवान जगन्नाथ रथयात्रा में शामिल होते आयोजक व श्रद्धालु व भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भजनों पर झूमती महिला श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्री जगन्नाथ मंदिर पंचायत अग्रवाल वैश्य पानीपत के 131वें वार्षिक उत्सव एवं तृतीय वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव पर आज श्री जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई। सुसज्जित रथ में भगवान जगन्नाथ जी, भाई बलदेव व बहन सुभद्रा के स्वरूप को मंदिर के गर्भ ग्रह से शंख, घडिय़ाल व ढोल नगाड़ों के साथ पंचायत के सदस्य व भक्तों द्वारा अपने हाथों से चांवर झुलाकर विराजमान कराया गया। मुख्य अतिथियों द्वारा पूजा-अर्चना से महाप्रभु का पूजन किया गया। भगवान जी का भात नीरज कंसल, पंकज सिंगला, कौशलेंद्र गुप्ता व रमेश सैनी द्वारा तैयार कराया गया। जो गंगाजल एवं देसी घी से तैयार हुआ था जिसमें 610 किलो सामग्री का प्रयोग किया गया। भात का यह प्रसाद रथयात्रा में रास्ते के दौरान अन्य भक्तों को भी वितरित किया गया। रथ यात्रा के शुभारंभ पर स्वामी मुक्तानंद जी महाराज ने सभी अतिथियों, सहयोगियों व आयोजकों को आशीर्वाद दिया। जबकि सेवानिवृत्ति जज डॉक्टर नीलिमा शांगला ने भी कार्यक्रम में पहुंच प्रभु से आशीर्वाद ग्रहण किया। अतिथियों को मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। रथ यात्रा के दौरान विभिन्न प्रकार के बैंड बाजे, ढोल नगाड़े व डीजे पर भजन गीत एवं झांकियां भी शामिल रही। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा का शहर में जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया गया। पूरा शहर भगवान जगन्नाथ जी के जयकारों से गुंजयमान हो गया। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भजनों पर भक्त झूमते दिखाई दिए।

**ये रहे मौजूद**

*रथ यात्रा के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा स्पीकर हरविंदर कल्याण की पुत्री एकदा कल्याण, मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज, मेयर कोमल सैनी, पार्षद नवल जिंदल, कमल अरोड़ा, अशोक कटारिया, प्रीतम गुर्जर, पार्षद पति अजय शर्मा, मंदिर प्रबंधन समिति के प्रधान राजेंद्र गुप्ता, सरपरस्त कन्हैया गुप्ता, प्रबंधक उत्सव प्रदीप तायल, लालचंद तायल, हितेंद्र कंसल, दिनेश मित्तल, दिलीप गुप्ता, आनंद गुप्ता, हेमराज कंसल, जयपाल कंसल, चिराग गर्ग, योगेश राज गुप्ता, दीपक गोयल, कमल कंसल, महेंद्र अग्रवाल, अमित राज गुप्ता, गंगाराम मंगला, भोलानाथ बंसल, रमेश माटा, अशोक कैलाशी, ललित शर्मा, कप्तान मडहोत्रा, काशी गोयल, नरेंद्र जिंदल आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।*



पानीपत। भंडारे के लिए सामग्री रवाना करते समिति के सदस्य व अतिथिगण।

## चंदनवाड़ी के भंडारे के लिए सामग्री का ट्रक रवाना

पानीपत। श्री अमरनाथ सेवा शक्ति मंडल समालखा द्वारा चंदनवाड़ी कश्मीर में लगाया जा रहे भंडारे में शुक्रवार को तीन ट्रक राशन सामग्री के जिसमें देशी घी, डालडा घी, रिफाइंड, सरसों तेल, नेस्ले मिलक पाऊडर, चीनी, मैदा, सूजी, मसाले, काजू, किसमिस, ड्राई फ्रूट, कोलड्रिंक, पानी की बोतल, दवाई, कंबल, रजाई, सब्जी, फ्रूट एवं अन्य राशन सामग्री सभी दानवीर शिव भगतों के सहयोग से रवाना किए गए। मंडल द्वारा 26वां भंडारा चंदनवाड़ी कश्मीर में लगाया जा रहा है। इस अवसर पर चेयरमैन दिनेश सिंघल, प्रधान रामचंद्र बंसल ने बताया कि यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक रहेगी लगभग पचास दिन चलने वाला भंडारा दिन रात शिव भगतों की सेवा करता रहेगा। एक ट्रक राशन पहले ही 22 जून को रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रधान रामचंद्र बंसल, दिनेश सिंघल, मनोज सिंघल, बोबी मित्तल, रुचिन बंसल, निवास तायल, संदीप जिंदल, पुनीत बंसल, सुमित, बंसल, संदीप, रिंकू, सुरेश, संजय जैन आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। शिविर में दिव्यांगों का पंजीकरण करते हुए कर्मचारी।

## रेडक्रास के शिविर में 52 दिव्यांगजनों ने किया अप्लाई

पानीपत। उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैडक्रास सोसाईटी विरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देशानुसार व अंकुश मिंगलानी उपाध्यक्ष एवं महेश जोशी महासचिव हरियाणा रेडक्रास के मार्गदर्शन तथा सचिव रेडक्रास पानीपत की अगुवाई में जिला के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण जिसमें तिपहिया साईकिल, व्हील चेयर, बैटराईज तिपहिया साईकिल व बैसाखी आदि उपलब्ध करवाने के लिए जिला रैडक्रास भवन में एल्मिकों के सहयोग से नामांकन व मापतौल शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें 52 दिव्यांगजनों ने सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु नामांकन करवाया गया। रेडक्रास की तरफ से हरमेश चन्द जिला प्रशिक्षण अधिकारी, लाल चन्द, जसमेर सिंह, सुशील कुमार, प्रवक्ता कला भारद्वाज, अमित कुमार एल्मिकों दिल्ली की तरफ से पी एण्ड ओ डा. राजेश, ई एण्ड टी डा. सुशील, आसरा केन्द्र के इंचार्ज प्रवीण लाम्बा, टीम सदस्य मनीषा सैणी, मोनिका व निहाल आदि मौजूद रहे।

## रास्ता रोककर मारपीट करने के तीन आरोपी गिरफ्तार

बापौली। बापौली से रसलापुर रोड पर धर्मकांटा के पास रसलापुर गांव निवासी दो युवकों का रास्ता रोककर लाठी, डंडो से चोट मारने के तीन आरोपियों को थाना बापौली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बापौली निवासी कुनाल, विशाल व विक्रांत के रूप में हुई है। थाना बापौली प्रभारी इंस्पेक्टर नीरज ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने अपने दो अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर चोट मारने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपी कुनाल को वीरवार को और आरोपी विशाल व विक्रांत को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया उन्होंने कुछ दिन पहले हुई मारपीट की रंजिश रखते हुए उक्त वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त तीन डंडे व एक बाइक बरामद कर शुक्रवार को पूछताछ के बाद तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वारदात में शामिल फरार दोनों आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



पानीपत। श्री गणेश मंदिर में माता रानी की पूजा करती महिलाएं व समिति के सदस्य।

## श्री गणेश मंदिर में महिलाओं ने की गुप्त नवरात्रि के पहले दिन पूजा

पानीपत। मॉडल टाउन की भाटिया कॉलोनी स्थित गणेश मंदिर में आज से गुप्त नवरात्रि की शुरुआत पर महिलाओं ने पूजा पाठ किया। महिला ने माता के भजनों का गुणगान किया। प्रधान बलदेव गांधी, महासचिव हरीश बंसल ने बताया कि आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि आज से शुरू हो गई है। इस बार की आषाढ़ गुप्त नवरात्रि पूरे नौ दिनों की रहेगी, क्योंकि प्रतिपदा से नवमी तक किसी भी तिथि का क्षय नहीं हो रहा है। एक साल में चार बार नवरात्रि आती है। चैत्र और अश्विन मास में प्रकट नवरात्रि रहती हैए जबकि आषाढ़ और माघ मास में गुप्त नवरात्रि मनाई जाती है। पूजा अर्चना पंडित विवेक शास्त्री ने कराई। इस मौके पर राजरानी, आशु गांधी, मेघा, नीलम, चंदन भाटिया, आशा, तान्या, सुमित्रा, मोनिका, राधिका, जोगिंदर कुंडू व जोगिंद्र गाबा आदि मौजूद रहे।

## सतीश ने छोड़ा सर्व ब्राह्मण सभा का जिलाध्यक्ष पद, राजेंद्र शर्मा हल्दाना बने नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत


सर्व ब्राह्मण सभा हरियाणा की गोहाना रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आयोजित मीटिंग में सर्व ब्राह्मण सभा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम द्वारा जिलाध्यक्ष पद छोडऩे पर सर्वसम्मति से राजेंद्र शर्मा हल्दाना को जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं नरेश कालखा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष बनाया गया। बता दें कि राजेंद्र शर्मा हल्दाना समाजसेवी होने के साथ ही समाज में भी कद रखते हैं। जिलाध्यक्ष चुने जाने के बाद राजेंद्र शर्मा हल्दाना ने कहा कि वे अगले एक साल के लिए जिलाध्यक्ष रहेंगे। इस एक साल में उनका पहला काम ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का होगा। एक साल बाद नियमानुसार चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम सहित समाज के सम्मानित जनों ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे और समाज के लोगों को साथ लेकर चलेंगे। प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम ने जिलाध्यक्ष पद छोडऩे का कारण बताते हुए कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रहते उन्हें पूरे हरियाणा में कार्य करना होता है, इसलिए उन्होंने स्वयं ही जिले की जिम्मेदारी छोड़ी है। उन्होंने दो साल जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी भी संभाली।



पानीपत। नवनियुक्त प्रधान राजेंद्र शर्मा हल्दाना व प्रदेशाध्यक्ष सतीश गौतम जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश गौतम, जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा हल्दाना, नरेश कालखा, पूर्व सरपंच रघुवीर मांडी, रामनिवास ग्वालड़ा, डॉ.सुरेंद्र, पूर्व सरपंच सत्यनारायण छदिया, पूर्व चेयरमैन धर्मवीर, पूर्व सरपंच नामुंडा श्यामलाल, डॉ.सतबीर शर्मा, बलवान शर्मा, प्रेम शर्मा सरपंच ढिढार, रामनिवास शर्मा सरपंच हल्दाना, प्रदीप कवी, रामफल शर्मा धर्मशाला प्रधान, पूर्व प्रधान जसमेर, बिल्लू कैथ आदि मौजूद रहे।*




पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए डा. वसीम अब्बास, डा. सुनीत मल्होत्रा व डा. दीपक कुमार।

## मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग ने आज पानीपत स्थित मैक्स मेड सेंटर में ऑन्कोलॉजी कैंसर रोग, गायनेकोलॉजी स्त्री रोग और पीडियाट्रिक्स बाल रोग के लिए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की घोषणा की। इन ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ डा.राजेन्द्र कुमार डायरेक्टर द रेडिएशन ऑन्कोलॉज, डा. वसीम अब्बास एसोसिएट डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, डा. सुनीत कौर एसोसिएट डायरेक्टर प्रसूति एवं स्त्री रोग और डा. दीपक कुमार कंसल्टेंट बाल रोग मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, शालीमार बाग की उपस्थिति में किया। ये विशेषज्ञ हर माह तय तिथियों पर मैक्स मेड सेंटर में उपलब्ध रहेंगे।

## अधिक ब्याज के झांसे में मजदूरों से करोड़ों ठगने वाली फाइनेंस कंपनी की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत



पानीपत। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट में ब्यान दर्ज कराने पहुंचे मजदूर व पीपी कपूर।

निवेश पर आकर्षज ब्याज का लालच देकर बुनकर मजदूरों से करोडों रुपये ठग कर भागने वाली कम्पनी के खिलाफ एसपी के आदेश पर पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने जाँच शुरु कर दी है। ट्राईरिम इंफ्राकोन इंडिया लिमिटेड व इसी के अंतर्गत ट्राईरिम म्यूचुअल बेनिफिट निधि लि. बुनकर मजदूरों के करोडों रुपये ठग कर फरार हो गई है। पिछले महीने 26 मई को आरटीआई एक्टिविस्ट पीपी कपूर की अगुवाई में ठगी के शिकार बुनकर मजदूरों ने जिला सचिवालय पर प्रदर्शन कर समाधान शिविर में डीसी वीरेंद्र दहिया को शिकायत देकर दोषियों के खिलाफ कारवाई करने व जमा धन वापिस कराने की मांग की थी। इस पर डीएसपी हेड क्वार्टर सतीश वत्स ने इंचार्ज स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट को मामले की जांच करके कारवाई करने के आदेश दिये थे। वहीं आज औद्योगिक सेक्टर 29 में पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट में जाँच अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने ठगी के शिकार मजदूरों को बुला कर ब्यान दर्ज किए और फरार हुई फाइनेंस कम्पनी के पानीपत में बंद पड़े कार्यालयों का मौका निरीक्षण किया।



पानीपत। भाखड़ा ब्यास एम्पलाइज यूनियन एटक ऐफी शाखा की बैठक में मौजूद सदस्य।

## एटक ऐफी शाखा की बैठक सम्पन्न

पानीपत। भाखड़ा ब्यास एम्पलाइज यूनियन एटक ऐफी शाखा पानीपत में प्रधान सत्यनारायण शर्मा की अध्यक्षता में गेट मीटिंग हुई। मीटिंग को केंद्रीय कार्यकारिणी के महासचिव सुरेश कुमार सैनी, वित्त सचिव लख्मीचंद ने कर्मचारियों की मांगों के बारे में 25 जून 2025 को दिल्ली चीफ लेबर कमिश्नर के साथ मैनेजमेंट व यूनियन के बीच हुई मीटिंग और उसमें हुई चर्चा से कर्मचारियों को अवगत कराया। वहीं 9 जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कर्मचारियों से हड़ताल को सफल बनाने की अपील की। मीटिंग में आल रिटायरिंग यूनियन के प्रधान विशंभर सिंह, एटक के जिला प्रधान पवन कुमार सैनी एडवोकेट, शाखा सचिव जितेश कुमार, मनीष कुमार आदि ने भी अपने विचार रखें और 9 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।



पानीपत। वार्ड 10 में नाले की सफाई करते हुए सफाई कर्मचारी।

## मानसून से पहले वार्ड 10 में कराई नालों की सफाई

पानीपत। शहर के वार्ड 10 के अंतर्गत नेशनल हाइवे सहित अन्य क्षेत्र में पार्षद मनीष बेनिवाल द्वारा सफाई अभियान के तहत नालों व नालियों की सफाई कार्य शुरू कराया गया। पार्षद मनीष बेनिवाल ने बताया कि मानसून से पहले वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों के सहयोग से नालों और नालियों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया है। जिसमें विशेष रूप से टूटे हुए और टूटे नालों की मरम्मत और पुनर्निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मानसून से पहले यह काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था जिसको लेकर कार्य को शुरू कर दिया गया है। जिससे वार्ड में मानसून आने से पूर्व सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जा सके और बारिश के मौसम में जलभराव जैसी स्थिति से लोगों को राहत मिल सके।

## अमिक्रमण अभियान को दुकानदारों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत



पानीपत। बैठक में मौजूद बाजार के दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

बाजारों में चल रहे अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत आज बाजार के मुख्य सदस्यगण इंसार बाजार स्थित श्री दीवान साहिब राजेश आहूजा के पास एकत्रित हुए। जिसमें नगर निगम द्वारा चल रहे अभियान पर चर्चा हुई साथ ही आगे के लिए बाजारों को व्यस्थित बनाए रखने के लिए रूप रेखा तय हुई। इस अभियान की सभी सदस्यों ने तारीफ की साथ ही सबने मिलकर बाजार के सभी दुकानदारों से इस अभियान के लिए सहयोग की प्रार्थना की। प्रधान सुशील भराड़ा ने कहा ऐसा करके ही वह निगम की कार्यवाही से बच सकते हैं। साथ ही बाजारों के अच्छे माहौल बनने से रौनक भी लौटेगी। मीटिंग में प्रधान सुशील भराड़ा, राजेश आहूजा, गौरव लिखा, अशोक अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, मिंटू अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, अशोक बत्रा, अमन मुंजाल, मनिंदर आदि मौजूद रहे।

## मेद्यावी विद्यार्थी सम्मान समारोह कल



पानीपत। पत्रकारों को जानकारी देते हुए रतन शर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पानीपत। समस्त ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन 29 जून को आर्य कॉलेज के सभागार में किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए सभा के पदाधिकारी राम रतन शर्मा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा, व प्रदेश के मंत्री गौरव गौतम होंगे। जबकि अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली तथा पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा करेंगे। ध्वजारोहण प्रदेश के पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। कार्यक्रम में ज्योत प्रचंड कांग्रेस सांसद सतपाल ब्रह्मचारी,गोल्ड मेडल विजेता खिलाड़ी योगेश्वर दत्त, प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा द्वारा की जाएगी। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक प्रमोद विज, विधायक मनमोहन भडाना, समाजसेवी शशिकांत कौशिक, समाज सवौ बलवान शर्मा अहर व पूर्व प्रधान रतन शर्मा मौजूद रहेंगें। वहीं समारोह में हरियाणवीं लोक गायक विकास पहसोरिया भी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस समारोह में समाज के जिला भर के मेधावी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।



पानीपत। हथवाला में ग्रामीणों को नशा नहीं करने का शपथ दिलाती पुलिस टीम।

## नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

पानीपत। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत हल्के के गांव हथवाला, राक्सेडा आदि के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। एएसआई जगपाल ने नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया।

## एडीसी ने ली कोर कमेटी और संस्थाओं की बैठक

पानीपत। बगैर जन भागीदारी के कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। इसको लेकर मजबूत संकल्पों के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज ने आज कैंप ऑफिस में कोर कमेटी के सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में कही। कार्यक्रम संयोजक संदीप जिंदल एडवोकेट ने बताया कि इस अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों के साथ-साथ सभी पार्षदों, सामाजिक धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को इस कार्यक्रम से जोडक़र उनकी भागीदारी से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। इस मौके पर कोर टीम सदस्य सुनील कौशिक, बृजमोहन, पवन अरोड़ा, इरफान, नितिन अरोड़ा, मुकेश, हरिओम तायल, कार्यकारी अभियंता गोपाल कलावत, संदीप, वेदान्त चावला, अनिल शर्मा, मंथन शर्मा, संदीप कपूर, नरेश व निरंजन सिंगला आदि उपस्थित रहे।

### पानीपत अच्छी पोजीशन में, अधिकारी और रुचि लें

# समस्याओं का अधिकारी शिद्दत से समाधान करें: विवेक चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पानीपत



पानीपत। समाधान शिविर मे मंचासीन निगम एडिशनल आयुक्त विवेक चौधरी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

मुख्य निर्वाचन अधिकारी और सरकार के चुनाव विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश भर के उपायुक्त और अधिकारियों से वर्चुअल समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वो समाधान शिविर व जन संवाद में जो समस्याएं, शिकायतें नागरिकों द्वारा प्रस्तुत की गई थी उनका अति शीघ्रता से समाधान करें। समीक्षा बैठक में नगर निगम के एडिशनल आयुक्त विवेक चौधरी ने आश्वस्त किया कि बहुत जल्द शेष बची समस्याओं का भी समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर नगराधीश टीनू पोसवाल, सीएमओ विजेंद्र पाल मलिक, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता सावित पानू, डीएचओ शार्दुल शंकर, बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता एम एस धीमान, जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल, डीएफएससी कुमारी नीतू, डीईटीसी विजेंद्र ढुल, एसडीओ वीरेंद्र दहिया खेल प्रशिक्षक सुषमा, फायर अधिकारी गुरमेल मौजूद रहे।

## बीपीएल परिवारों को बैंकों से दिया जा रहा ऋण : डीसी

पानीपत। हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना स्वयं रोजगार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। डीसी डॉ. वीरेद्र कुमार दहिया ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो, को बैंकों के माध्यम से 1 लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशु पालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज ई-रिक्शा बैटरी चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी कुलविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। गीता नगरीके दविंद्र कुमार ने 24 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 दिसंबर 2024 को गीता नगरी से आरोपी ने उसकी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अंकुश उर्फ धुर्मी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के कई मामले दर्ज हैं। गणेश विहार के सौरभ ने 5 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से इन्वर्टर बैटरी, एलईडी, नकद राशि व अन्य सामान चोरी किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और अब पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर लिया है।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज नशा तस्करी के मामले में एंटी नारकोटिक सैल आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान महिला ने बताया था कि आरोपी रजत भी इस मामले में संलिप्त है। अब पुलिस ने रजत को भी गिरफ्तार किया है। 23 जून 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। सूचना उपरांत पुलिस ने आरोपी को डीआरएम रोड के पास नाकाबंदी के दौरान काबू किया था। उससे 24 ग्राम हेरोइन बरामद की थी।

### एक्टिवा चोरी के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज एक्टिवा चोरी के मामले में पुलिस ने लगभग 4 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी रोहित को गिरफ्तार किया है। मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी ने बताया था कि आरोपी रोहित भी इस मामले में शामिल है। कीर्ति नगरके भूपिंद्र सिंह ने 8 अप्रैल 2021 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसकी एक्टिवा चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के बाद अब आरोपी को काबू किया गया है।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मारपीट कर चोट पहुंचाने के मामले में पुलिस ने आरोपी विक्की को गिरफ्तार किया है। इस मामले में आरोपी कर्णवीर, हरप्रीत सिंह, निर्भय, मन्नी व अनुराग को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। सौंडा के जसराज सिंह ने 19 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि कबाड़ी बाजार में आरोपी विक्की व अन्य ने उससे मारपीट करके चोट पहुंचाई है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था और अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पूर्व मंत्री बोले, विरोधियों को विकास से हो रही तकलीफ,जनता को मिल रही राहत

## अपने आवास पर जनता की समस्याएं सुनकर समाधान के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने अपने आवास पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे। उन्होंने तुरंत संबंधित अधिकारियों को फोन कर आमजन को राहत प्रदान करने के अदेशदि। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए गोयल ने कहा कि सरकार के प्रति लोगों का विश्वास काफी बढ़ा है। ऐसे में सीएम ने सभी जन प्रतिनिधियों को जनसुनवाई के निर्देश दिए हैं। ताकि जनता को अधिक से अधिक राहत मिल सके। उसी के तहत लोगों के कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोग अलग अलग विभागों से संबंधित कार्य लेकर आये थेजिन्हें करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। पत्रकारों द्वारा कांग्रेसी नेताओं की बयानबाजी को लेकर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए असीम गोयल ने कांग्रेस को खूब लपेटा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश को परिवारवाद,भाई भतीजावाद, भ्रष्टाचार, क्षेत्रवाद और यहां तक कि हुड्डा साहब ने तो कृपावाद शब्द भी ईजाद कर दिया था। कांग्रेस काल में इन्हीं चीजों के नाते सरकार चलती थी। कांग्रेस की गुटबाजी चौक चौराहों पर चर्चा का विषय बन चुकी है। इनके ऑब्जर्वर तक गुटबाजी को लेकर कह चुके हैं कि ऐसी स्थिति उन्होंने कहीं नहीं देखी। कांग्रेस पार्टी में जूतों में दाल बंट रही है। उन्होंने कहा कि

बरसाती सीज़न की शुरुआत हो चुकी है। बीते रोज ही डीसी ने पूरे प्रशासनिक अमले के साथ शहर का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया है। इस बार शहर को बाढ़ से नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। असीम गोयल ने बताया कि जलभराव जैसी सदियों पुरानी समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए आईआईटी के साथ योजना तैयार की जा रही। जिसपर कार्रवाई शुरू हो चुकी है।

### विरोधियों को हो रही विकास से तकलीफ

गोयल ने कहा कि अंबाला शहर में आए दिन हो रहे विकास कार्यों के शिलान्यास और उद्घाटन मौजूदा विधायक निर्मल सिंह को रास नहीं आ रहे। समय समय पर उद्घाटन न कर पाने का निर्मल सिंह का दर्द छलकता रहता है। असीम गोयल ने कहा कि सरकार हमारी है। ये जो विकास कार्य हो रहे हैं वो सभी उन्होंने मंत्री पद पर रहते हुए पास करवाए थे। नायब राज में अंबाला में तेजी से काम हो रहे हैं। लेकिन विपक्षी काम सराहने की बजाय कोसने का काम कर रहे हैं। काम में रोड़ा अटकाने का प्रयास कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि विरोधियों को जो तकलीफ हो रही है वो जनता को मिल रही राहत से बहुत छोटी है। विकास कार्य जनता को राहत दे रहे हैं।



**अंबाला।** लोगों की समस्याएं सुनते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

## रोषित लोगों ने सड़क पर लगाया जाम

# नाले को दबंगों ने किया बंद गंदा पानी दलित बस्ती में घुसा

### पुलिस के हस्तक्षेप से समस्या का हुआ समाधान, दबंगों पर जेसीबी चालक को भी पीटने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मोहड़ा में नाले को कुछ दबंगों ने बंद करा दिया। इससे मोहड़ी की दलित बस्ती में लोगों के घरों में दो से तीन फुट तक पानी भर गया। लोगों ने जब नाले को खुलवाने के लिए जेसीबी बुलाई तो रसूखदारों ने जेसीबी के चालक से अभद्रता की। ग्राम सचिव सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इस दौरान जेसीबी चालक से मारपीट की गई और उसके कपड़े भी फाड़ दिए गए। इसके बाद उसे भागकर जान बचानी पड़ी। इस पर माजरी गांव के लोग भड़क गए और ग्रामीणों ने शुक्रवार शाम मोहड़ा से कोच कछवा सहित दुराना गांव जाने वाली मुख्य सड़क पर जाम लगा दिया। सड़क जाम की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारी को समस्या बताई। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी बुलाकर नाले को खुलवाया। इसके बाद लोग शांत हुए। इस मामले को लेकर पड़ाव थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सड़क जाम की सूचना मिली थी। यहां विवाद न बढ़े इसके लिए पुलिस तैनात की गई है। वहीं नाले को खुलवाया जा रहा है।

दो इस समस्या को लेकर दो दिन पहले माजरी गांव के लोगों ने उपायुक्त और सरपंच जगजीत सिंह को जानकारी दी थी। इसके साथ ही समस्या के समधान की गुहार लगाई थी। दो दिन बीतने के बाद भी जब समस्या का समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने खुद ही नाला खुलवाने का प्रयास किया। गांव माजरी की रविदास बस्ती में हाल ही में गंदे पानी की सप्लाई से 300 से अधिक लोग डायरिया व पेट की बीमारियों से ग्रसित हो गए थे। इसके बाद यहां पाइप लाइन बदलवाई गई थी। रोषित लोगों ने बताया कि कुछ रसूखदार परिवारों की जमीन उनके गांव के पास लगती है। उनके खेतों में पानी न जाए इसके लिए उन्होंने मिट्टी डालकर नाला पूरी तरह से बंद करावा दिया। इस कारण से लगभग 100 घरों में पानी घुस गया। रविदास बस्ती की तरफ जाने वाली सड़क भी पूरी तरह से बंद हो गई। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। इसके बाद परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। गौरव, निखिल, सुजान व मलकियत ने बताया कि पहले तो बारिश के कारण सिर्फ गली में ही जलभराव होता था। लेकिन अब नाला बंद करने के कारण गंदा पानी हमारे घरों में भी घुस गया है। इसलिए वह न तो काम पर जा पा रहे हैं और न ही घरेलू काम कर पा रहे हैं। जब प्रशासन ने उनकी नहीं सुनी तो घरों में पानी का स्तर बढ़ने लगा तो उन्होंने मजबूरन जाम लगाना ही उचित समझा।

## जलभराव की समस्या पर भड़के समाजसेवी, बोले समस्या की गंभीरता पर अफसर संवेदनहीन

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा



समाजसेवी डॉ कुलदीप शर्मा।

समाजसेवी डॉ. कुलदीप शर्मा ने नगर प्रशासन और रेलवे विभाग को खरी खरी सुनाई। उन्होंने मीडिया को दिए बयान में कहा कि जनता वर्षों से जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रही है, परंतु समाधान के नाम पर अब तक सिर्फ उसे आश्वासन ही मिलते रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। डॉ. शर्मा ने बताया कि हल्की बारिश होते ही शहर की गलियाँ और खासकर रेलवे स्टेशन के समीप बना अंडरपास जलमग्न हो जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब से यह अंडरपास बना है। हर मानसून में यहां जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है लेकिन न तो नगर पालिका और न ही रेलवे विभाग इस समस्या को गंभीरता से लेते हैं।शर्मा ने बताया कि अंडरपास की दीवारों से लगातार पानी रिसता रहता है, जिससे यहां हमेशा पानी भरा रहता है। इन दीवारों की मरम्मत तक काफी समय से नहीं करवाई गई, जिससे लगता है कि संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से वे खुद अपने स्तर पर पानी की निकासी का प्रबंध कर रहे हैं। कई बार तो वह रात को भी जलभराव वाले क्षेत्रों में पहुंचकर राहत कार्य करते हैं, जबकि यह कार्य प्रशासन और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।



**नारायणगढ़।** चुनी गई कार्यकारिणी के साथ इनेलो नेता व कार्यकर्ता।

## हलका अध्यक्ष लक्की नगोली, जिलाध्यक्ष ने हलके की कार्यकारिणी का किया विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

इनेलो पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष जगमाल सिंह रोलौं ने पार्टी हाईकमान से विचार-विमर्श करने के पश्चात हल्का नारायणगढ़ की कार्यकारिणी की घोषणा की।

जगमाल सिंह ने बताया कि लक्की नगोली को हल्का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष इकबाल रछेड़ी, उपाध्यक्ष सतविंदर सिंह पंजेटों, सीमा रानी, राजेश, फगगू राम, पलविंद्र सिंह, रोहित, जसपाल, किरण पाल,शेर सिंह, प्रधान महासचिव राजेश कुमार, महासचिव हरदीप बतौरा, निर्मल सिंह, सुखबीर सिंह, सतीश कुमार,मजिंद्र सिंह भंगू, बलजिंदर सिंह, सलीम संगठन सचिव विजय सिंह सचिव अनिल कुमार, संपत्त सिंह, हरदीप गौपी, कुलविंद्र सिंह, निर्मल सिंह, अश्विनी, विकास, गया राम,शक्ति, राहुल, प्रवीन कोषाध्यक्ष भगत सिंह, मिडिया प्रभारी पीयुष शर्मा, कार्यालय सचिव संदीप कुमार को नियुक्त किया गया है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल शर्मा पतरेहड़ी, महिला नेत्री रजनी साहनी, बीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष भूप सिंह गुर्जर, गोल्डी मान , तारा रछेड़ी, अकरम खान, मौसीम खान, रामपाल राऊमाजरा, गुरदयाल पंजलासा, गुरदीप शाहपुर, समृत बरौली, विक्की, सुमित नगोली, शुभम मिरपुर, स्वर्णजीत बतौरा,गोरव बतौरा, समंदर बतौरा, परमजीत मान, बलविंदर फौजी, रजत खटकड़ सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग प्रतियोगिता में आहिल को मिला प्रथम स्थान, स्कूल का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूलके कक्षा 5 के प्रतिभाशाली छात्र आहिल खान ने योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता एक श्रेणीबद्ध श्रृंखला थी जिसमें पहले फर्स्ट राउंड, फिर दूसरे राउंड के बाद फाइनल राउंड में आहिल ने अपनी योग प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थी खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। आहिल की इस उपलब्धि के पीछे उसकी निरंतर श्रद्धा, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम है। योग के प्रति उसका समर्पण और नियमित अभ्यास ही उसकी सफलता का मूल आधार बना। विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने छात्र की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आहिल पढ़ाई के साथ-साथ योग अभ्यास के लिए नियमित रूप से समय निकालता है।



**बराड़ा।** प्रतियोगिता में भाग लेने वाला स्टूडेंट्स।

# प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में पांच को होगी पीटीएम

- गृहकार्य को लेकर परिजनों से होगा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

प्रदेश के सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में 5 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया जाएगा। यह बैठक बाल वाटिका-3 से लेकर कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जा रही है जिसमें ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों द्वारा किए गए रचनात्मक गृहकार्य पर चर्चा की जाएगी। इस बारे में विभाग की ओर से जारी आदेशानुसार विद्यार्थियों को ग्रीष्मकाल के दौरान निपुण हरियाणा और एनसीएफएफसी पर आधारित अनुभवात्मक व गतिविधि-आधारित गृहकार्य करने को दिया गया था, जिसका उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, स्वायत्तता और जिज्ञासा को बढ़ावा देना है। इसके अलावा अभिभावकों की शिक्षा में भागीदारी सुनिश्चित करना था। इस गृहकार्य बच्चों ने अपने परिवार के बड़े सदस्यों की मदद से पूरा किया है। अब बच्चों के माता-पिता की उपस्थिति में इस गृहकार्य का आंकलन किया जाएगा।

### पीटीएम के दौरान यह कार्य होंगे

इस बैठक के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति में उनके अभिभावकों के साथ गृहकार्य पर चर्चा की जाएगी। इस दिन विद्यालयों में कोई भी शैक्षणिक गतिविधि आयोजित नहीं होगी। इस पीटीएम में अभिभावकों के साथ संवाद व अन्य कई रोचक गतिविधियां करवाई जाएगी। पीटीएम से पहले आभिभावको को बच्चों के गृहकार्य का मूल्यांकन करने के लिए आकलन शीट दी जायेगी, जिसे 4 जुलाई तक स्कूल में जमा करवाना होगा।बैठक की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी लोगों की जिम्मेदारी तय की गयी है। सभी कलस्टर मुखिया, बीआरपी और एबीआरसी इस दौरान एक-एक स्कूल का निरीक्षण करेंगे और मॉनिटरिंग रिपोर्ट संबंधित गूगल फॉर्म के माध्यम से भरेंगे। विद्यालय मुखियाओं को 5 जुलाई को पीटीएम के आयोजित होने के बाद गूगल फॉर्म भरना अनिवार्य होगा और साथ ही क्लस्टर मुखिया को विस्तृत रिपोर्ट भेजनी होगी। सभी शिक्षक आकलन शीट को अभिभावकों तक नोटबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर गृहकार्य की मूल्यांकन विधि को समझाएंगे।

### निदेशालय से मिला पत्र

निदेशालय की ओर से जारी किया गया पत्र मिल चुका है। इसे सभी खंडों के शिक्षा अधिकारियों को भेजकर सभी स्कूलों में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार पीटीएम के सफल आयोजन करवाने को कहा गया है। इसके इलावा क्लस्टर मुखियाओं को अपने-अपने क्षेत्रों में इस बैठक के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने व मोनिटरिंग के लिए भी निर्देशित किया गया है।

**-सुधीर कालड़ा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी**

### साधक को परमात्मा के अहोभाव में ही जीना चाहिए

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धाम संस्थान मुरथल हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी की विशेष कृपा से समर्थगुरू संघ हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने कथा व्यास आचार्य भूपेन्द्र भारद्वाज जी से सनातन धर्म की चर्चा की। श्रीसनातन धर्म मन्दिर, कसौली की ओर से वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शिव पुराण कथा रविवार 15 जून से 26 जून 2025 तक हुई। नगर कीर्तन एवं शोभा यात्रा और भंडारे से प्रारंभ हुआ। श्रीसनातन धर्म मन्दिर कसौली के पुजारी देवेन्द्र नौटियाल ने वैदिक मंत्रों से पूजा अर्चना करवाई। डॉ. मिश्रा ने समर्थगुरु द्वारा रचित गोरख गीता कथा व्यास आचार्य भूपेन्द्र भारद्वाज को भेंट की और ध्यान योग कार्यक्रम की जानकारी दी। यहाँ अध्यात्म और संस्कृति, योग और विज्ञान, ध्यान और धनार्जन, समाधि और प्रज्ञा, ज्ञान और भक्ति सभी आयामों की शिक्षा दी जाती है। समर्थगुरु द्वारा निर्मित ध्यान योग में ध्यान और ओंकार का अनुभव प्राप्त करें। तनाव, दुःख उत्तेजना और मायावी मन से मुक्त होकर आत्मिक आनन्द और उमंग भरी जिन्दगी जियें।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## डीसी अजय सिंह तोमर ने रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित

# दूसरों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा पुण्य दान हैं। स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्त की पूर्ति केवल मानव शरीर से ही संभव हैं।

उपायुक्त शुक्रवार को भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। इससे पहले यहां पहुंचने पर परिषद के पदाधिकारियों ने मुख्यअतिथि को अंगवस्त्र व पर्यावरण का प्रतिक पौधा देकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपायुक्त ने स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर एसीयूटी राहुल कंवरिया, उपमहापौर मीना ढींगरा, प्रदीप गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, सुंदर ढींगरा मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि डॉ. सूरज प्रकाश ने जो पौधा लगाया था वह अब वट वृक्ष बन गया है। यह संस्था समाज कल्याण के लिए निरन्तरता में कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान हैं। रक्तदान करके हम दुर्घटना में घायल अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। इस लिए एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती। यह भ्रांति बिल्कुल गलत हैं। रक्त की पूर्ति 24 घंटे में हो जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से मन को काफी शांति मिलती हैं और दूसरों को रक्तदान करने के यह भावना प्रबल होती हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी 2003 में पहली बार रक्तदान किया था और अब तक वह 12 बार रक्तदान कर चूके हैं।इस मौके पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष चमनलाल अग्रवाल ने मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा, समाज सेवा कल्याण के लिए पिछले कई वर्षों से कार्यरत हैं। यह संस्था पांच सूत्रों सेवा, संपर्क, संस्कार, समर्पण के ध्येय के साथ कार्य कर रही हैं। वर्ष में 2 या 3 बार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता हैं। शिविर का आयोजन करके 101 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया हैं। इस संस्था की अंबाला शहर में 5 शाखाएं है तथा करीब 500 सदस्य हैं। मौके पर संस्था के सचिव अंकुर गोयल, अमरदीप सिंगला, कोषाध्यक्ष अमित चानना, संजीव, राकेश मक्कड़, मिनी गोयल, मंजू अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, विनोद वैश्य, मुकेश शर्मा भी मौजूद रहे। भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा ने डॉ. सूरज प्रकाश के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में केवल कृष्ण मिगलानी गौशाला शहर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर उन्होंने 300 से अधिक पौधे भी वितरित किए। संस्था द्वारा संदेश दिया गया कि जहां हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने है वहीं उनका संरक्षण भी करना है।



**अंबाला।** रक्तदाताओं को सम्मानित करते डीसी अजय सिंह तोमर।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर नरेश मित्तल, सतीश जिंदल, राजेश वर्मा, अमरदीप सिंगला, संजय गोयल, डॉ. नरेंद्र गुप्ता, डॉ. सौरभ गुप्ता भी मौजूद रहे।